कोटद्वार,बुधवार
31 जनवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 268 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com

स्थापित 1979

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## देहरादून–पिथौरागढ़–पंतनगर हवाई सेवा लंबे इंतजार के बाद शुरू





देहरादून। उत्तराखंड में देहरादून–पिथौरागढ–पंतनगर हवाई सेवा का सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शुभारंभ किया। सीएम का यहां पहुंचने पर लोगों ने झलिया नृत्य के साथ उनका जोरदार स्वागत किया। दो फरवरी से विमान सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार को इस मार्ग में नियमित उड़ान भरेगा। शुभारंभ समारोह में पहुंचे सीएम ने कहा कि दशकों की सीमांत की मांग आज पूरी हो गई है।

कहा कि प्रदेश में डबल इंजन की सरकार पूरी ताकत से विकास के काम में जुटी है। उन्होंने कहा कि लंबी औपचारिकता को पूरी कर इस सेवा को शुरू किया गया है। उन्होंने पीएम नरेन्द्र मोदी केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार जताया। कहा कि इस सेवा के शुरू होने से आदि कैलाश, ओम पर्वत व जागेश्वर की यात्रा भी आसान होगी।

इस सेवा के शुरू हो जाने से पर्यटन कारोबार बेहतर होगा, व्यापार व रोजगार बढ़ेगा। कहा कि यह विमान नियमित चले इसका हमारा प्रयास होगा। पहले से ही बात हुई है। कहा कि शीघ्र हिंडन के लिए भी यहां से 42 सीटर विमान सेवा भी शुरू की जाएगी। विमान सेवा के शुभारंभ कार्यक्रम को केन्द्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी ऑन लाइन संबोधित किया। कहा कि उनकी शिक्षा उत्तराखण्ड से हुई है, 5 साल वे यहां रहे हैं।इसलिए यहां के लोगों के साथ उनका रिश्ता जीवन के अंतिम सांस तक ह्दय की गहराई से जुड़ा रहेगा।कहा कि आज का दिन एक शक्ति के कारण संभव हुआ है वह शक्ति सीएम पुष्कर धामी के तौर पर आपके बीच बैठी है। कहा कि सीएम धामी जिस काम के पीछे पड़ जाते हैं उसे पूरा होने तक नहीं छोड़ते। कहा कि सीएम धामी पिछले डेढ़ साल से पिथौरागढ़ से विमान सेवा शुरू करने के लिए उनके पीछे पड़े थे। वे बड़े प्यार से अपना काम कराते हैं। कहा उत्तराखण्ड में उड़ान योजना के तहत पंतनगर, पिथौरागढ़ व 13 हेलीपैड में काम चल रहा है। जिसमें से 9 हेलीपैड संचालित हो चुके हैं। पिछले दो तीन साल में कई हेलीपैड संचालित किए हैं।

पांच अन्य हेलीपैड बागेश्वर, चंपावत, मुनस्यारी, लैसडाउन को पूर्ण रुप से संचालित करेंगे। उड़ान योजना के तहत 40 रुट संचालित हो गई हैं। देहरादून में पूर्ण हो गया है नया टर्मिनल भवन। साढ़े चार लाख वर्ग फीट क्षेत्र के इस टर्मिनल से 1850 लोग आवाजाही कर सकेंगे। पीएम नरेन्द्र मोदी के हवाई चप्पल पहनने वाले को प्लेन में सफर कराने का संकल्प साकार हो रहा है। उड़ान योजना के तहत 1 करोड़ 35 लाख लोगों ने लाभ उठाया है। इस दौरान सांसद अजय टम्टा, विधायक मयूख महर, दर्जा राज्य मंत्री गणेश भंडारी,फ्लाई बिग कंपनी के उपाध्यक्ष राजीव शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष गिरीश जोशी, जिपं अध्यक्ष दीपिका बोहरा, डीएम रीना जोशी सहित कई शामिल रहे।

## एक नजर

### समुद्री डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना की बड़ी कार्रवाई

नई दिल्ली ,सोमाली समुद्री डाकुओं के खिलाफ भारतीय नौसेना की कार्रवाई जारी है। भारतीय नौसेना ने 24 घंटे के अंदर दूसरी बार मछली पकडऩे वाले जहाज अल नामी को बचाया है। समुद्री डाकुओं के खिलाफ आईएनएस सुमित्रा का एक और ऑपरेशन भारतीय रक्षा अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि नौसेना के युद्धपोत आईएनएस सुमित्रा ने कोच्चि के तट से लगभग 800 मील की दूर पर समुद्री डाकुओं द्वारा अपहृत मछली पकडऩे वाले जहाज अल नामी को बचाया गया है। भारतीय रक्षा अधिकारी के मुताबिक, भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो ने चालक दल को सुरक्षित बचाने के लिए ऑपरेशन में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने सफलतापूर्वक नाव को बंधकों से मुक्त कराया है। पिछले 24 घंटों में भारतीय नौसेना का दूसरा सफल समुद्री डकैती रोधी अभियान था। भारतीय नौसेना के युद्धपोत हिंद महासागर क्षेत्र में सुरक्षा प्रदान करने के लिए तैनात किए गए हैं। भारतीय नौसेना ने एक बयान में कहा कि नौसेना के जहाज सुमित्रा ने सोमालिया के पूर्वी तट पर समुद्री डकैती के खिलाफ एक और सफल अभियान को अंजाम दिया है। भारतीय नौसेना ने मछली पकडऩे वाले जहाज अल नामी और उसके चालक दल को 11 सोमाली समुद्री लुटेरों से बचाया है। इस जहाज पर 19 पाकिस्तानी नागरिक भी सवार थे।

### बीजेपी नेता के हत्यारे पीएफआई के 15 वर्करों को सजा ए मौत

तिरुवनंतपुरम ,केरल की एक अदालत ने प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया के 15 वर्करों को भाजपा नेता की हत्या के मामले में मौत की सजा सुनाई है। भाजपा के ह्र्बष्ट विंग के नेता रंजीत श्रीनिवासन की 19 दिसंबर 2021 को हत्या कर दी गई थी। कोर्ट ने कहा था कि आठ दोषी, जिनकी पहचान निजाम, अजमल, अनूप, मोहम्मद असलम, अब्दुल सलाम उर्फ सलाम पोन्नद, अब्दुल कलाम, सफरुद्दीन और मनशद के तौर पर हुई है, वे रंजीत श्रीनिवास के मर्डर में सीधे तौर पर शामिल थे। अन्य दोषियों की पहचान जसीब राजा, नवास, शमीर, नसीर,जाकिर हुसैन, शाजी पूवाथुंगल और शमनास अशरफ के तौर पर हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, बीजेपी लीडर रंजीत श्रीनिवासन की हत्या में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (और 'सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया' से जुड़े कार्यकर्ता शामिल थे। इन लोगों ने 19 दिसंबर 2021 को रंजीत को घर में उनके परिवार के सामने बुरी तरह पीटा था और उनकी हत्या कर दी थी।

## उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में आईएमडी का 31 जनवरी को बारिश–बर्फबारी पर अपडेट



देहरादून। उत्तराखंड में कड़ाके की ठंड और कोहरे का सितम जारी है। प्रदेश के मैदानी शहरों में कोहरे से लोगों की परेशानी दोगुनी हो गईं हैं। दिसंबर के बाद जनवरी माह भी सूखा गुजर गया। चमोली, रुद्रप्रयाग, अल्मोड़ा, उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ आदि पर्वतीय जिलों में बर्फबारी नहीं होने से हर कोई हैरान हैं। उत्तराखंड मौसम पूर्वानुमान में बारिश–बर्फबारी पर अपडेट सामने आया है। उत्तराखंड में 31 जनवरी से मौसम बदलने का पूर्वानुमान जारी किया गया है। 30 जनवरी को पहाड़ी जिलों में बारिश–बर्फबारी तो 31 जनवरी से दो फरवरी तक पूरे प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान मौसम विभाग ने जताया है। बिना बारिश और बर्फबारी के पड़ रही सूखी ठंड से निजात मिलने की उम्मीद है। मौसम निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि 30 जनवरी से उत्तराखंड में पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के आसार दिखाई पड़ रहे हैं। उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, देहरादून, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों के पर्वतीय इलाकों में बारिश एवं 3000 मीटर से ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं 31 जनवरी से दो जनवरी तक प्रदेश के सभी जिलों में बारिश के आसार है। मैदानी जिलों हरिद्वार एवं यूएसनगर में मंगलवार को सुबह शाम घना कोहरा छाए रहने और शीत दिवस रहने की संभावना है।

## ईडी की कार्रवाई के बाद रांची में सुरक्षा बढ़ाई : सीएम आवास, गवर्नर हाउस और ईडी कार्यालय के आसपास धारा–144 लागू

रांची ,सीएम हेमंत सोरेन पर ईडी की कार्रवाई के बाद झारखंड में प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। साथ ही रांची में मुख्यमंत्री आवास, गवर्नर हाउस और प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय के परिसर के 100 मीटर के दायरे में धारा–144 लागू कर दी है। धारा–144 सुबह 10 बजे से रात 10 बजे तक लागू रहेगी। झारखंड में सीएम हेमंत सोरेन को लेकर जिस तरह की राजनीतिक गतिविधियां बनी हुई है, इस स्थिति में रांची से लेकर दिल्ली तक राजनीतिक भूचाल आया हुआ है।

वहीं, झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ता भी राजधानी रांची में डटे हुए हैं। अनुमंडल पदाधिकारी रांची सदर द्वारा जारी किए गए निर्देश पत्र में मुख्यमंत्री आवास की चारदीवारी से 100 मीटर की परिधि, राजभवन की चारदीवारी के 100 मीटर की परिधि और प्रवर्तन निदेशालय डोरंडा रांची के कार्यालय से 100 मीटर की परिधि में धारा 144 लगा दिया गया है। इसके साथ ही बंदूक, राइफल, रिवॉल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि असलहे निकालने और चलाने पर पूरे तौर पर प्रतिबंध है।

## पंचायती राज विभाग के कार्मिकों के बनेंगे क्रेडिट कार्ड : महाराज

### पंचायत भवन निर्माण का बजट दोगुना किए जाने की तैयारी

जयन्त प्रतिनिधि देहरादून। पंचायत भवन बनाने का बजट दोगुना किया जा सकता है। इसके साथ ही सरकार पंचायतों को 29 विषय हस्तांतरित किए जाने के लिए आगामी विधानसभा सत्र में संकल्प प्रस्तुत करेगी। पंचायती राज मंत्री, सतपाल महाराज ने निदेशालय पंचायतीराज में वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। पंचायत राज मंत्री ने कहा कि पंचायत राज विभाग के सभी कार्मिकों के क्रेडिट कार्ड बनाये जायेंगे।

पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को पंचायतीराज निदेशालय में विभागीय समीक्षा बैठक में भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग के लिए आवंटित धनराशि को समय पर खर्च करने निर्देश दिए। बैठक में पंचायत भवन निर्माण के लिए केंद्र सरकार के स्तर से आवंटित 10 लाख की राशि को बढ़ाकर 20 लाख किए जाने पर भी विचार किया गया, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया। मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को पंचायतों से संबंधित 29 विषयों को त्रिस्तरीय पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने का संकल्प भी आगामी विभानसभा सत्र में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक



में बताया गया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत लगभग 40 हजार जन प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कराया जा चुका है, जबकि 450 जनप्रतिनिधियों को एक्सपोजर विजिट के तहत अन्य राज्यों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को भ्रमण कराया गया। महाराज ने पंचायती राज विभाग के कार्मिकों के लिए केडिट कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में पंचायतीराज विभाग की निदेशक श्रीमती निधि यादव, मुख्य वित्त अधिकारी श्रीमती शशि सिंह, संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक प्रभारी श्रीमती हिमाली जोशी पेटवाल, उप निदेशक मनोज कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, निदेशालय पंचायतीराज श्रीमती पूनम पाठक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# सर्दियों में बारिश नहीं होने से किसानों की बढ़ी टेंशन

## उत्तराखंड में सूखे जैसे हालत से किसान हुए परेशान



देहरादून। जनवरी बीतने को है लेकिन इंद्र देव मेहरबान नहीं हुए हैं। इस वजह से सूखे के हालात पैदा हो गए हैं। सूखे के नुकसान का आंकलन करने की जिम्मेदारी तीन विभागों को दी गई है। उत्तराखंड के कई पर्वतीय जिलों में सूखे जैसे हालत से किसान भी परेशान हैं।

चम्पावत में बीते चार माह में महज 17.50 एमएम बारिश हुई है। सूखे से गेहूं, मसूर और सरसों सूखने के कगार पर है। चम्पावत में बीते चार माह में महज 17.5 एमएम बारिश हुई है। इससे सूखे के हालात पैदा हो गए हैं।

जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक अक्तूबर में 15.50, नवंबर, दिसंबर और जनवरी में अब तक शून्य एमएम बारिश हुई है। बारिश नहीं होने से गेहूं, मसूर और सरसों की खेती पर असर पड़ रहा है। इसके अलावा खेत में उगी सब्जियों को भी नुकसान पहुंच रहा है। इससे किसानों की चिंता भी बढ़ रही है। जिले में करीब 1700 हेक्टेयर क्षेत्र में गेहूं, मसूर और सरसों खेती की जाती है।

चम्पावत में बीते चार साल में हुई बारिश

चम्पावत में बीते चार वर्ष के दौरान अंतिम माह में कम बारिश हुई है। जिला आपदा नियंत्रण कक्ष से मिली जानकारी के मुताबिक वर्ष 2018 के आखिरी तीन महीने अक्तूबर, नवंबर और दिसंबर में 27 एमएम बारिश हुई। 2019 में 19 एमएम, वर्ष 2020 में महज एक एमएम बारिश हुई। इसके अलावा वर्ष 2021 में अक्तूबर में 501 एमएम, नवंबर में शून्य, दिसंबर में छह एमएम बारिश दर्ज की गई। वर्ष 2022 में अक्टूबर में 210, नवंबर में चार और दिसंबर में शून्य बारिश हुई।

# राज्यभर के पंचायत प्रतिनिधि छह को विधानसभा कूच करेंगे

देहरादून। त्रिस्तरीय पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने, जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता के माध्यम से करवाने की मांग को लेकर चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान हो गया है। आंदोलन एक फरवरी से शुरू होगा। छह फरवरी को राज्यभर के पंचायत प्रतिनिधि विधानसभा कूच करेंगे।

मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में उत्तराखंड त्रिस्तरीय पंचायत संगठन की राज्य संचालन समिति के संयोजक जगत मतीलिया ने कहा कि 2019 में हुए त्रिस्तरीय पंचायत के चुनाव के बाद दो साल तक कोविड–19 के कारण पंचायत की सामान्य बैठकें भी नहीं हुई। कोरोनाकाल को पंचायत के कार्यकाल से नहीं जोड़ा जा सकता है। इसी के साथ एक राज्य में पंचायत के दो चुनाव हो रहे हैं, जिससे ह्यएक राज्य एक चुनाव का लक्ष्य पूरा नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार से झारखंड की तर्ज पर अध्यादेश लाकर पंचायतों का कार्यकाल दो साल बढ़ाने की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रदीप भट्ट ने कहा कि संगठन मांगों को लिए एक फरवरी से आंदोलन शुरू करेगा। एक को सभी विकासखंड कार्यालय में धरना दिया जाएगा। तीन को जिला मुख्यालयों में रैली निकालकर डीएम के माध्यम से पीएम और सीएम को ज्ञापन भेजा जाएगा। छह फरवरी को पंचायत प्रतिनिधि विधानसभा कूच करेंगे। सात फरवरी को संगठन की बैठक होगी, इसमें आगामी रणनीति तय की जाएगी। इस मौके पर ग्राम प्रधान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष भास्कर सम्मल, क्षेत्र प्रमुख संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दर्शन सिंह दानू आदि मौजूद रहे।

## नेपाल खेलने जाएगी डीएफए की टीम

देहरादून। देहरादून फुटबॉल अकादमी(डीएफए)की टीम नेपाल में होने वाले इंटरनेशनल मास्टर्स फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में प्रतिभा करेगी।उत्तरांचल प्रेस क्लब में मंगलवार को हुई प्रेसवार्ता में कोच विरेंद्र रावत ने बताया कि पोखरा नेपाल में 04 से 10 फरवरी तक अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिता होनी है। इसमें 40 वर्ष से अधिक आयु के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए ट्रायल के आधार पर ऑफिसियल और खिलाड़ियों को मिलाकर 24 सदस्यों का चयन किया गया है। इसमें सुनील शर्मा, शरद अग्रवाल, धीरज थापा, विमल सिंह रावत, प्रेम सिंह बिष्ट, सत्यप्रकाश जोशी, डीएस रौतेला आदि मौजूद रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### पंचायत भवन निर्माण का बजट दोगुना किए जाने की तैयारी

देहरादून। पंचायत भवन बनाने का बजट दोगुना किया जा सकता है। इसके साथ ही सरकार पंचायतों को 29 विषय हस्तांतरित किए जाने के लिए आगामी विधानसभा सत्र में संकल्प प्रस्तुत करेगी।

पंचायतीराज मंत्री सतपाल महाराज ने मंगलवार को पंचायतीराज निदेशालय में विभागीय समीक्षा बैठक में भारत सरकार द्वारा 15वें वित्त आयोग के लिए आवंटित धनराशि को समय पर खर्च करने निर्देश दिए। बैठक में पंचायत भवन निर्माण के लिए केंद्र सरकार के स्तर से आवंटित 10 लाख की राशि को बढ़ाकर 20 लाख किए जाने पर भी विचार किया गया, हालांकि इस पर अंतिम निर्णय नहीं हो पाया। मंत्री सतपाल महाराज ने अधिकारियों को पंचायतों से संबंधित 29 विषयों को त्रिस्तरीय पंचायतों को हस्तांतरित किए जाने का संकल्प भी आगामी विभानसभा सत्र में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में बताया गया कि राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के अन्तर्गत लगभग 40 हजार जन प्रतिनिधियों का प्रशिक्षण कराया जा चुका है, जबकि 450 जनप्रतिनिधियों को एक्सपोजर विजिट के तहत अन्य राज्यों की उत्कृष्ट कार्य करने वाली पंचायतों को भ्रमण कराया गया। महाराज ने पंचायती राज विभाग के कार्मिकों के लिए केडिट कार्ड बनाने के भी निर्देश दिए। बैठक में निदेशक निधि यादव, मुख्य वित्त अधिकारी शशि सिंह, संयुक्त निदेशक राजीव कुमार नाथ त्रिपाठी, संयुक्त निदेशक हिमाली जोशी पेटवाल, उप निदेशक मनोज कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी पूनम पाठक सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

### नारसन में बुजुर्ग की हत्या का शव नाले में फेंका

रुड़की। मोहम्मदपुर जट में अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर शव नाले में फेंक दिया। नाले में शव के पड़े होने की सूचना से ग्रामीणों में सनसनी फैल गई। एसएसपी प्रमेंद्र सिंह डोबाल और एसपी देहात एसके सिंह ने भी मौके का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मंगलौर कोतवाली के मोहम्मदपुर जट गांव में सोमवार की देरात रमेश (50) पुत्र घसीटा की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। वारदात के बाद हत्यारे शव को उसके घर से करीब तीन सौ मीटर दूर ले गए और पंचायत घर के पास बने नाले में फेंक दिया। नाले में शव के ऊपर कूड़ा डालकर आरोपी फरार हो गए।



## राष्ट्रपिता को किया नमन

देहरादून । मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री आवास में उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि गांधी जी ने सत्य एवं अहिंसा के मार्ग पर चलने के लिए सबको प्रेरित किया।

## मौसम बेहतर होने से ट्रेनो के संचालन में आया सुधार

रुडकी । मौसम में बदलाव से ट्रेनों का संचालन पहले से कुछ बेहतर हुआ। मंगलवार को सिर्फ तीन ट्रेनें बनमंखी से अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस और हरिद्वार से लोकमान्य तिलक नगर आने–जाने वाली दोनों ट्रेनें रद्द रही। बाकी में से कुछ गाड़ियां देरी से चली।पुरी से योगनगरी ऋषिकेश कलिंग उत्कल एक्सप्रेस करीब 12 घंटे लेट हुई।

सूबेदारगंज से देहरादून एक्सप्रेस 3:30 घंटे, हावड़ा से देहरादून कुंभ एक्सप्रेस 2:30 घंटे, लखनऊ से चंडीगढ़ एक्सप्रेस, अहमदाबाद से योग नगरी एक्सप्रेस दो घंटे और श्रीगंगानगर से ऋषिकेश इंटरसिटी एक्सप्रेस 1:30 की देरी से चली। दरभंगा से अमृतसर 1जननायक एक्सप्रेस, देहरादून से सहारनपुर स्पेशल एक्सप्रेस, नई दिल्ली से देहरादून शताब्दी एक्सप्रेस एक घंटे के आसपास लेट रही।

## डेढ़ कुंतल प्रतिबंधित मांस बरामद

रुड़की। पुलिस ने कस्बे के सिरचंदी जंगल से 150 किलो प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। मामले में शामिल आरोपियों की पहचान के बाद मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। सोमवार देर रात भगवानपुर पुलिस क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि सिरचंदी के जंगल में गोकशी हो रही है।

## पुलिस ने चौकीदारों को बांटे कंबल

रुडकी । सीओ निहारिका सेमवाल ने कोतवाली परिसर में ग्राम चौकीदारों की बैठक ली। कहा कि अगर चौकीदार सतर्क रहकर हर घटना की सूचना पुलिस को दें, तो कई घटनाओं को होने से पहले रोकना संभव है।

इसके साथ ही घटना होने पर पुलिस को समय से सूचना मिले, तो अपराध में शामिल लोगों को पकड़ना भी आसान होगा। उन्होंने गांव में पुरानी रंजिश के मामलों के अलावा 2024 लोकसभा चुनाव को लेकर गांव के हालात की जानकारी हल्के के दरोगा या बीट के सिपाही को देने की हिदायत भी चौकीदारों को दी।

इसके बाद सीओ निहारिका, चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक एसपी सिंह और निर्बल, निर्धन विधिक सहायता समिति के अध्यक्ष राजेश रस्तोगी ने चौकीदारों को कंबल बांटे। इस दौरान दरोगा मनोज नौटियाल, लोकपाल परमार, अंशुल अग्रवाल, रंजीत नौटियाल, एकता ममगाई, भूपेंद्र कुमार, मनोज मलिक और कर्म सिंह चौहान मौजूद रहे।

# हाईटेंशन लाइन को शिफ्ट करने की मांग को लेकर एसई से मिले लोग



रुड़की। गणेशपुर, शेखपुरी और लक्ष्मी विहार में घरों के ऊपर से जा रही एचटी लाइनों को हटाए जाने को लेकर इलाके के लोगों ने अधीक्षण अभियंता से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि दो लाइनों से इलाके में खतरा बना हुआ है। एसई ने इस मामले में कार्यवाही का आश्वासन दिया है।भाजपा पश्चिमी मंडल के अध्यक्ष पार्षद प्रतिनिधि संजीव तोमर के साथ लोगों ने अधीक्षण अभियंता अमित कुमार से मुलाकात की। उन्होंने एसई को बताया कि इस इलाके में तीन एचटी लाइनें बिछाई गई हैं। इनमें सड़क के बीच से होकर जाने वाली एक लाइन काफी समय से बंद पड़ी है जबकि दो अन्य लाइनों के तार घरों के ऊपर से होकर गुजर रहे हैं।

# अपराध रोकने को एक साथ काम करेगी बिजनौर व कोटद्वार पुलिस

### लोकसभा चुनाव के दौरान संदिग्धों पर नजर रखने के लिए तैयार की योजना

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : लोकसभा चुनाव को देखते हुए उत्तर प्रदेश जिला बिजनौर व कोटद्वार पुलिस ने एकजुट होकर काम करने का निर्णय लिया है। दोनों राज्यों की पुलिस राज्यों की सीमा कौड़ियों में एक साथ गश्त भी करेगी। इसके लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की जाएगी। बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस संस्थान में उत्तर प्रदेश बिजनौर जिले की पुलिस व कोटद्वार पुलिस के मध्य बैठक आयोजित की गई। अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए दोनों प्रदेशों की पुलिस ने कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। बताया कि समय-समय पर पुलिस संयुक्त रूप से गश्त भी करेगी। आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों का डाटा भी तैयार किया जाएगा। बार्डर क्षेत्र में होने वाली



बीईएल रोड स्थित आईएचएमएस संस्था में बैठक लेते पुलिस अधिकारी

प्रत्येक गतिविधि पर गंभीरता से नजर रखी जाएगी। इसके लिए वाहनों की तलाशी का भी अभियान चलाया जाएगा। लोकसभा चुनाव के दौरान नगदी एवं प्रलोभन वस्तुओं का आदान-प्रदान न हो इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। शराब व अन्य मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए भी पुलिस की टीमें गठित की जाएगी। कहा कि अपराध को रोकने के लिए आमजन से भी सहयोग मांगा जाएगा। कानून को हाथ में लेने वालों को किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# कांग्रेस ने महात्मा गांधी के योगदान को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की शहादत दिवस पर कांग्रेस ने उनके योगदान को याद किया। इस दौरान सदस्यों ने महात्मा गांधी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का भी निर्णय लिया। मंगलवार को कांग्रेस कार्यालय में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष विनोद डबराल व अन्य पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि आज ही के दिन महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महात्मा गांधी ने समाज को बेहतर मार्ग पर चलने का संदेश दिया था। लेकिन, आज केंद्र की सत्ता में बैठी भाजपा लोगों को धर्म के नाम पर लड़वा रही है। कहा कि कांग्रेस जन समाज में प्रेम, भाईचारा फैलाने का कार्य करेगी। इस मौके पर पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत, वीरेंद्र सिंह रावत, बलवीर सिंह रावत, सतेंद्र सिंह बिष्ट, गुड्डू चौहान, धर्मपाल सिंह बिष्ट, शूरवीर सिंह खेतवाल, राम सिंह रावत, सूरज प्रसाद कांती, नईम अहमद, दिलवर प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

### लैंसडौन में दो फरवरी को लगेगा रोजगार मेला

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध करवाने के लिए दो फरवरी को लैंसडौन में रोजगार मेला लगाया जाएगा। जनसेवा मंच लैंसडौन के संस्थापक सदस्य संतुदास व महिपाल रावत ने बताया कि मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड कंपनी सहित अन्य कई कंपनियां मेले में युवाओं को रोजगार देने के लिए पहुंचेंगी। यह मेला गांधी चौक के समीप आयोजित किया जाएगा। जिसमें 18 से 20 आयु के युवक भाग ले सकेंगे। साक्षात्कार और परीक्षा के बाद चयनित सैकड़ों युवकों को दो वर्षीय आन द जाब ऑटोमोटिव मैन्यूफेक्चरिंग टेक्नीशियन का निःशुल्क प्रशिक्षण कंपनी के मानेसर व गुड़गांव प्लांट में दिया जाएगा। इस दौरान 15200 का वेतन सहित अन्य कई सुविधाएं दी जाएगी। मेले में युवा अपनी अंकतालिका, सर्टिफिकेट व आधार कार्ड के साथ ही दो फोटो लेकर आए।

## ठेकेदारों ने उठाई एकल निविदा को निरस्त करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : सिंचाई विभाग से जुड़े ठेकेदारों ने राज्य आपदा न्यूनीकरण मद कार्य के लिए जारी एकल निविदा को निरस्त करने की मांग की है। कहा कि कार्य की चार भागों में निविदा जारी की जानी चहिए। मंगलवार को आयोजित बैठक में ठेकेदारों ने कहा कि सिंचाई विभाग अधीक्षण अभियंता कार्यालय श्रीनगर की ओर से राज्य आपदा न्यूनीकरण मद के कार्य एकल निविदा में जारी किए गये हैं। जबकि सिंचाई मंत्री द्वारा 30 सितंबर 2020 को जारी शासनादेश के अंतर्गत किसी भी कार्य की निविदा को चार भागों में जारी करने हेतु विभागों को निर्देशित किया गया है। निविदा के चार भागों में जारी होने से सभी ठेकेदारों को लाभ पहुंच सकता था। लेकिन बाहरी और बड़े ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए एकल निविदा जारी की गई है। जिसका ठेकेदार विरोध करते हैं। यह उनके रोजगार को छीनने की साजिश है। जिसे बर्दाश्त नही किया जायेगा। मौके पर निविदा को चार भागों में जारी करने की मांग की गई।

## जितेंद्र कैंथोला बनें चुनाव पर्यवेक्षक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की ओर से जिले के अंतर्गत आने वाली व्यापार मंडल इकाईयों की चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। सतपुली व्यापार मंडल के चुनाव के लिए जितेंद्र कैंथोला को चुनाव पर्यवेक्षक बनाया गया है।

मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया। सदस्यों ने बताया कि तीन वर्ष पूर्ण होने वाली इकाईयों का चुनाव करवाया जा रहा है। इसी प्रक्रिया में सतपुली व्यापार मंडल के चुनाव का कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिसके लिए जितेंद्र कैंथोला को पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी दी गई है। एक फरवरी से तीन फरवरी तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। आठ फरवरी के दिन दोपहर दो बजे तक नामांकन करवाए जाएंगे। जिसके लिए चुनाव समिति की घोषणा कर दी गई है। चुनाव संचालन में थामेश्वर कुकरेती, प्रेम सिंह रावत, चंद्रमोहन डोबरियाल करेंगे। इसी प्रक्रिया में जिला पौड़ी की अन्य इकाईयों में भी जहां कार्यकाल पूर्ण हो चुके है वहां शीघ्र पर्यवेक्षक की नियुक्ति होगी।

# महात्मा गांधी के विचारों पर चलने का लिया संकल्प

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल सर्वोदय मंडल ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस को सद्भावना संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने समाज हित में महात्मा गांधी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कहा कि युवाओं को गांधी के विचारों को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

मंगलवार को तहसील में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। सर्वधर्म प्रार्थना एवं उनके प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए...का वाचन किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देश की आजादी में दिए गए महात्मा गांधी के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। युवा पीढ़ी को गांधी के बताए मार्ग पर चलना चाहिए। निर्णय लिया गया कि मंडल के सदस्य जन-जन तक गांधी के विचारों को पहुंचाने का कार्य करेंगे। गांधीवादी सर्वोदय सेविका शशिप्रभा



महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते सदस्य

रावत ने कहा कि समाज में सदभावना की सबसे अधिक आवश्यकता है। हमें जाती, धर्म से ऊपर उठकर समाज हित में कार्य करना होगा। इस दौरान सदस्यों ने गांधी का प्रिय भजन वैष्णव जन तो तेने कहिए का भी वाचन किया। इस मौके पर मंडल के अध्यक्ष सुरेंद्र लाल आर्य, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूरण सिंह रावत, गोविंद डंडरियाल, नेत्र सिंह रावत, श्रद्धा सुमन नेगी, राजेंद्र पंत, पीएल खेतवाल, विनय रावत, मंजू रावत, शूरबीर खेतवाल, जनार्दन ध्यानी, शिव कुमार, गीता बिष्ट, रिपुदमन बिष्ट, डा. शील सौरभ रावत, हरीश चंद्र, राजेंद्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

# जन समस्याओं को लेकर पूर्व सैनिक निकालेंगे आक्रोश रैली



कोटद्वार तहसील में अभियान चलाते पूर्व सैनिक

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की जन समस्याओं को लेकर पूर्व सैनिकों ने आंदोलन चलाने का निर्णय लिया है। कहा कि चार फरवरी को सैनिक आमजन के साथ मिलकर आक्रोश रैली भी निकालेंगे। जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष महेंद्र

### जनता के सहयोग के लिए पूर्व सैनिकों ने चलाया अभियान

पाल सिंह रावत के नेतृत्व में पूर्व सैनिकों ने बाजार क्षेत्र में अभियान चलाया। पूर्व सैनिकों ने कहा कि गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार की लगातार अनदेखी की जा रही है। वर्षाकाल के दौरान धराशायी हुए मालन नदी के पुल की अब तक सुध नहीं ली गई है। कोटद्वार व भाबर की जनता नदी से आवाजाही करने को मजबूर हो रही है। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण के नाम पर भी जनता को ठगा जा रहा है। आधुनिक बस अड्डे के नाम पर मोटर नगर में दशकों से केवल एक गड्ढा ही दिखाई दे रहे हैं। कहा कि जनता की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा कि चार फरवरी को पूर्व सैनिक मालन पुल पर एकत्र होंगे व रैली निकालते हुए तहसील परिसर में पहुंचेंगे।

# सीएम पौड़ी को देगें 450 करोड़ की योजनाओं की सौगात

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के पौड़ी मुख्यालय के प्रस्तावित दौरे को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित दौरे के मुताबिक वह 3 फरवरी को पौड़ी मुख्यालय में पहुंचेंगे। इस दौरान जहां विभिन्न कार्यक्रमों में सीएम हिस्सा लेंगे वहीं पौड़ी को करीब 450 करोड़ की योजनाओं की सौगात भी देंगे पौड़ी में मुख्यमंत्री के इस दौरे को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने तैयारियों को लेकर पत्रकारों को जानकारी दी। बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के प्रस्तावित भ्रमण को लेकर सभी तैयारियों को तेज कर दिया गया है। सीएम करीब साढ़े चार करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे। जिसमें 22 करोड़ की लागत से बने रांसी मैदान के साथ ही 16 करोड़ की लागत से देवप्रयाग मोटरमार्ग के सुधारीकरण, 11 करोड़ की लागत से ल्वाली झील के पुनर्निर्माण सहित अन्य विकास योजनाएं शामिल है। इस दौरान महिला सशक्तीकरण पर आधारित दिशा ध्याणी कार्यक्रम में भी मुख्यमंत्री हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में 16 हजार लोगों के शामिल लेने का अनुमान है।

### भट्ट बने पौड़ी कोतवाल

पौड़ी : जिले में पुलिस विभाग में तबादले हुए है। पुलिस लाइन से निरीक्षक नन्द किशोर भट्ट को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पौड़ी बनाया गया है। लाइन से सतबीर बिष्ट को प्रभारी निरीक्षक श्रीनगर नियुक्त किया गया है। कोटद्वार कोतवाली में सीआईयू प्रभारी निरीक्षक मौ. अकरम को लैंसडाउन का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। उपनिरीक्षक कमलेश शर्मा को सीआईयू प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# छात्राओं व महिला कर्मियों को दी व्यक्तिगत स्वच्छता की जानकारी

### आईएचएमएस कोटद्वार में आयोजित किया गया एक दिवसीय सेमिनार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : इंस्टिट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) की ओर से छात्राओं और संस्थान में कार्यरत महिला कर्मचारियों के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय बेस अस्पताल कोटद्वार की वरिष्ठ महिला चिकित्साधिकारी ने हाइजीन को लेकर आवश्यक जानकारी दी।

मंगलवार को बलभद्रपुर बीईएल रोड स्थित संस्थान परिसर में आयोजित सम्मेलन का संस्थान के एमडी बीएस नेगी ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने



आईएचएमएस में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते विद्यार्थी व अतिथि

संबोधन में उन्होंने कहा कि हमारे जीवन में स्वच्छता का खास महत्व होता है। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए सभी प्रतिभागियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। बतौर मुख्य वक्ता बेस अस्पताल कोटद्वार की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. भावना अग्रवाल ने छात्राओं और महिला कर्मचारियों को व्यक्तिगत स्वच्छता को लेकर जागरुक किया। उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता के अलावा आयरन की गोली का प्रयोग, एनीमिया के लक्षण, संतुलित आहार, अत्यधिक महावारी और यौन रोगों के कारण और उनके बचाव की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर एडमिन कर्नल बीएस गुसाईं (सेनि), ईडी अजयराज नेगी, डायरेक्टर एकेडमिक डॉ. सुनील कुमार, पीआरओ नरेश थपलियाल, प्राध्यापक विजयश्री खुगशाल, सपना सौथाण, ममता, टीना जोशी, दिव्या काला आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### विधायक ने 22 स्कूलों को वितरित किए कंप्यूटर

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने मंगलवार को पौड़ी और कोट ब्लाकों के 22 प्राइमरी स्कूलों को कंप्यूटर वितरित किए। बीआरसी पौड़ी में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक पौड़ी राजकुमार पोरी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार शिक्षा को आगे बढ़ाने का काम कर रही है। नई शिक्षा नीति में कंप्यूटर की भी बच्चों के लिए महत्वपूर्ण भूमिका है। बीईओ पौड़ी मास्टर आदर्श ने बताया कि अब अधिकतर काम ऑन लाइन ही हो रहे हैं। स्कूलों में कंप्यूटर बच्चों और शिक्षकों के लिए लाभकारी है। विधायक ने इस मौके पर दोनों ब्लाकों के 22 स्कूलों को अस्थापना मद से कंप्यूटर वितरित किए। इस मौके पर बीआरसी समन्वयक नवीन डोभाल, जितेंद्र राय, महेश गिरि, श्रीचंद आदि मौजूद रहे।

### शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण करने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : राजकीय शिक्षक संघ ने अटल उत्कृष्ट स्कूलों के शिक्षकों के उपार्जित अवकाश व चयन, प्रोन्नत प्रकरणों की समस्याओं का समाधान जल्द करने की मांग की है।

मंगलवार को राजकीय शिक्षक संघ के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य शिक्षाधिकारी पौड़ी से शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को लेकर मुलाकात की। संघ के पदाधिकारियों ने सीईओ से अटल उत्कृष्ट स्कूलों के शिक्षकों के उपार्जित अवकाश व चयन, प्रोन्नत प्रकरणों को जल्द निराकरण करने की मांग की। संघ ने माध्यमिक शिक्षा के तहत वित्त अधिकारी का पद लंबे समय से रिक्त रहने पर भी नाराजगी जताई।

### शहीदों को किया याद

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : शहीद दिवस के अवसर पर शहीदों को याद किया गया। अधिकारियों और कर्मचारियों ने दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि दी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सहित अन्य शहीदों को याद किया। कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित शोकसभा में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अजीत रावत ने कहा कि देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाले शहीदों के बूते आज हम विकास के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने शहीद स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों व उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।

### चौपाल में सीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

उत्तरकाशी : सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत मुख्य विकास अधिकारी जय किशन की अध्यक्षता में डुण्डा ब्लाक के सुदूरवर्ती गांव उपरीकोट में चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में सीडीओ ने अधिकारियों को ग्रामीणों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण के निर्देश दिए।चौपाल कार्यक्रम में जल जीवन मिशन तथा मनरेगा में पारदर्शिता लाने के साथ ही सीडीओ जय किशन ने अधिकारियों को अपात्र राशन कार्ड धारकों को पृथक करने और पात्र कार्ड धारकों को राशन कार्ड निर्गत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड संबंधी समस्याओं को शीघ्रता से निस्तारित करने के लिये गांव में कैंप का आयोजन जल्दी ही किया जायेगा।

### बड़कोट में निर्माण कार्यों को मिली हरी झंडी

उत्तरकाशी : बड़कोट नगर पालिका और तहसील क्षेत्र के तहत मुख्यमंत्री घोषणा के कामों के क्रियान्वयन के आदेश दिए गए हैं। इन योजनाओं की लागत तय करने और बजट की स्थिति स्पष्ट करने को विभागों को कहा गया है। एक सप्ताह के अंदर मुख्यमंत्री कार्यालय को इसकी आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। भारतीय जनता पार्टी उत्तराखंड के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान की ओर से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के उत्तरकाशी प्रवास के दौरान बड़कोट क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं की घोषणा करवाई गई थी।

# धूमधाम से मनाया वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक छटाओं ने मोहा मन



राजकीय इंटरमीडिएट कालेज सतपुली के वार्षिकोत्सव में प्रस्तुति देते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राजकीय इंटरमीडिएट कालेज सतपुली का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस दौरान शिक्षकों व अतिथियों ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि त्रिलोक चौहान व खंड शिक्षाधिकारी सुरेंद्र सिंह नेगी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। वक्ताओं ने विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कहा कि बच्चों को अपने स्कूल व आसपास के क्षेत्र में होने वाले प्रत्येक सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की बेहतर राह मिलती है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पंजाबी, गुजराती, हिमाचली, हिंदी व गढ़वाली गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्य हेमचंद ने विद्यालय का वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत किया। इस मौके पर पूर्व प्रधानाचार्य अनूप सिंह पुंडीर, सतपुली महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संजय कुमार, वेद प्रकाश वर्मा, गंगा सिंह बिष्ट, रणधीर सिंह नेगी, जगदंबा डंगवाल, बृजमोहन रावत, मनीष खुगशाल आदि मौजूद रहे।

### प्रशासन, शासन जनहित के कार्यों के लिए समर्पित : पाण्डेय

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : सचिव सीएम एवं आवास व वित्त डॉ. सुरेंद्र नारायण पाण्डेय ने थलीसैंण ब्लाक के प्राइमरी स्कूल ब्यासी में आयोजित ग्राम चौपाल और जन संवाद कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस मौके पर ग्रामीणों ने सचिव को विभिन्न समस्याएं बताई। सचिव ने अफसरों से कहा कि योजनाओं को पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारे के साथ ही इनका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले।

सचिव ने गांव के महिला स्वयं सहायता समूह को बद्री गाय दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने पर जोर देने के साथ ही दिया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री से गांव में बच्चों को दिए जाने वाले पोषण आहार की जानकारी भी सचिव ने ली। कहा कि गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण समय से करवाना सुनिश्चित किया जाए।

सचिव पाण्डेय ने अफसरों से कहा कि पात्र व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहे, इसके लिए जनता के बीच में जाकर योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार करें। कहा कि प्रशासन, शासन जनहित के कार्यों के लिए समर्पित है, इसलिए हर ग्रामवासी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने का हकदार है।

# क्विज प्रतियोगिता में राइका जयहरीखाल, राउप्रावि असनखेत ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : मंगलवार को राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय जयहरीखाल में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लॉक के विभिन्न संकुल केन्द्रों से चयनित 25 विद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार चंद ने किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता होने से बच्चों में विज्ञान एवं गणित विषय के प्रति रुचि बढ़ेगी। साथ ही इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ेगी। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम वर्ष भर होने चाहिए। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में विज्ञान विषय से सम्बन्धित आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विकासखंड के माध्यमिक विद्यालयों के कक्षा 9 से 12 के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इसी तरह



जूनियर वर्ग क्विज प्रतियोगिता एवं विज्ञान प्रदर्शनी में विभिन्न संकुल केन्द्रों से चयनित उच्च प्राथमिक विद्यालय, हाईस्कूल, इंटरमीडिएट कालेज से आए कक्षा 6 से 8 तक के छात्रों द्वारा प्रतिभाग किया गया। सीनियर वर्ग क्विज प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज जयहरीखाल, राजकीय इंटर कॉलेज खेरासैंण, राइका अधारियाखाल, जूनियर वर्ग क्विज प्रतियोगिता में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय असनखेत, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सकन्यानीखाल, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय रैतपुर ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर स्तर विज्ञान प्रदर्शनी में राजीव गांधी अभिनव आवासीय विद्यालय जयहरीखाल, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कोटा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय असनखेत क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इस अवसर पर प्रभारी बीआरसी मोहन सिंह गुसाईं, संकुल समन्वयक चंद्रमोहन सिंह रावत, त्रिलोक सिंह रावत, ताजवर सिंह, सिद्धार्थ कुमार, विजय दीपक, मुहमद इदरीश, निर्णायक एवं टीम प्रभारी के रूप में मनीषा जोशी, गजेन्द्र असवाल, विकास चंद, मनोज रावत, सुभाष चंद्र बिष्ट, पारितोष रावत, विनोद जदली, चंद्र सिंह गुसाईं, सुरेंद्र बिष्ट, सोमपाल सिंह, सुरेन्द्र बिष्ट, आशीष मधवाल, तीरथ सिंह असवाल, सत्येंद्र गोदियाल, जय भारत नेगी, अनिल बिष्ट, संजीव काला आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजीव थपलियाल ने किया।

# विज्ञान-गणित क्विज में राइका बल्ली ने मारी बाजी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत आयोजित ब्लॉक स्तरीय विज्ञान-गणित क्विज प्रतियोगिता में राजकीय इंटर कॉलेज बल्ली की टीम विजेता रही।

मंगलवार को राइका कोटद्वार के सभागार में मुख्य अतिथि पीटीए अध्यक्ष महेंद्र कुमार अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर क्विज प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान युग विज्ञान का युग है। इस तरह की प्रतियोगिताएं, छात्रों के बौद्धिक एवं वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। प्रधानाचार्य मुकेश रावत ने कहा कि छात्रों के मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता का होना जरूरी है। ब्लॉक विज्ञान समन्वयक सरिता रौतेला ने जानकारी देते हुए बताया कि क्विज प्रतियोगिता में विकास खंड दुगड्डा के सात



ब्लॉक स्तरीय विज्ञान-गणित क्विज प्रतियोगिता की विजेता टीम।

विद्यालयों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से अटल उत्कृष्ट राइका बल्ली प्रथम, राइका कोटद्वार द्वितीय तथा राकइका लालपानी तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता का संचालन मनमोहन सिंह चौहान, सीतांशु खुगशाल एवं चंद्रमोहन सिंह नेगी ने किया।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को किया याद

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवंती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में आइसा छात्र संगठन द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के शहादत दिवस पर डीन फैकल्टी बिड़ला परिसर में गाँधी के जीवन पर आधारित पोस्टर प्रदर्शनी और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रदर्शनी में गांधी जी के जीवन के विभिन्न संघर्षों व उनके विचारों को दर्शाया गया। आइसा की नगर अध्यक्ष प्रियंका खत्री ने कहा कि वर्तमान दौर में युवाओं को गाँधीजी के विचारों पर चलने की जरूरत है वही देश में एक तरफ साम्प्रदायिकता चरम पर है। इसीलिए हमें सामाजिक सदभावना को बढ़ाने की जरूरत है। इस मौके पर अंकित उछोली, अतुल सती, हिमांशी नौटियाल, शिवांक नौटियाल, आइसा नगर सचिव समरवीर रावत, सौरभ पंवार, सक्षम, ज्योति प्रजापति, शरण्या, मनोहर, देवेंद्र, अनमोल वर्मा, ऋतिक राणा आदि छात्र मौजूद रहे। (एजेंसी)

# प्रान्तीय अध्यक्ष संतन बिष्ट का किया भव्य स्वागत

जयन्त प्रतिनिधि।

सतपुली : संतन बिष्ट ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार ब्लॉक मुख्यालय एकेश्वर पहुंचे। जहां जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने फूल मालाओं के साथ उनका भव्य स्वागत किया।

मंगलवार को ब्लॉक मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नीरज पांथरी ने ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष संतन बिष्ट को फूल मालाएं पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष संतन बिष्ट ने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए



प्रतिबद्ध है। वह कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर शासन स्तर पर वार्ता करेंगें। जब तक इन समस्याओं का समाधान नहीं होगा तब तक यह संघर्ष जारी रखेंगे। इस अवसर पर ग्राम प्रधान बिंजोली तेजपाल सिंह पंवार, सहायक विकास अधिकारी प्रदीप सुन्दरियाल, ग्राम विकास अधिकारी राकेश शाह, मोहित नौटियाल, ग्राम पंचायत अधिकारी चन्द्रप्रभा, मनीषा रावत, पवन कुमार, निखिल कुमार, कृष्ण पोखरियाल, सामाजिक कार्यकर्ता तीरथ सिंह रावत सहित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# सम्पादकीय

## अंतरिम बजट की तैयारी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का दूसरा कार्यकाल लगभग समाप्ति की ओर है और इसी के तहत 1 फरवरी को मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पेश करेंगी। चूंकि इसी वर्ष लोकसभा चुनाव भी होने हैं तो यह तय है कि सरकार अंतरिम बजट पेश करेगी जिसमें खास तौर से किसानों एवं आम वर्ग को ही वरीयता में रखा जाएगा। अंतरिम बजट में सरकार की ओर से कोई बड़ी घोषणा होगी इसकी उम्मीदें कम ही है साथ ही टैक्स के नए स्लैब को लेकर भी कोई नया अपडेट देखने को नहीं मिलेगा। एक रिपोर्ट के अनुसार सरकार इस साल पीएम किसान योजना का भुगतान 50 प्रतिशत बढ़ाकर 6000 से 9000 रुपए प्रति वर्ष कर सकती है। करदाताओं को अनुकूल बदलाव की उम्मीद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चुनाव से पहले भारत के अंतिम बजट में राजकोषीय घाटे को बढ़ाए बिना लक्षित खर्च पहल पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है। सरकार अपने अंतिम बजट में किसानों की सम्मान राशि बढ़ा सकती है तो चुनावों को देखते हुए आम व्यक्ति के लिए जरूर कुछ ऐसी राहत भरी घोषणाएं सरकार की ओर से हो सकती है जिसका लाभ लोकसभा चुनाव में देखा जा सकता है। इसके अलावा अंतरिम बजट में आगामी अंतरिम बजट में मातृत्व अवकाश लाभ के लिए संभावित प्रोत्साहन, युवा महिलाओं के लिए कौशल प्रशिक्षण पर ध्यान, महिला उद्यमियों पर लक्षित कर छूट और कामकाजी माताओं के लिए भुगतान छुट्टियों में वृद्धि की उम्मीद है। देश में लोकसभा चुनाव अप्रैल में में होने की संभावना है और भारत का वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल से शुरू होता है जो 31 मार्च को समाप्त होता है। नए वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने की यह अवधि चुनाव से पूर्व होने के कारण सरकार अंतरिम बजट पेश करेगी तथा नहीं सरकार बनने के बाद वित्तीय वर्ष 24-25 का बजट जुलाई में पेश किया जा सकता है। फिलहाल बजट से अधिक उम्मीदें नहीं लगानी चाहिए क्योंकि अंतरिम बजट में अधिकांश व्यवस्थाएं पूर्ण की भांति ही लागू रह सकती है, फिर भी सरकार लोकसभा चुनावों के मद्देनजर कुछ राहत भरी घोषणाएं यदि कर देती है आश्चर्य नहीं होना चाहिए।

## खीरे के एक टुकड़े को 90 सेकेंड मुंह में रख लें तो क्या होगा? ये करने से पहले इसके बारे में जान लें

खीरा एक ऐसा सुपर फूड है जिसका इस्तेमाल खाने में खूब किया जाता है. सलाद से लेकर रायता, जूस और स्मूदी बनाने में भी खीरे का यूज होता है, इतना ही नहीं खीरे में 90त्न पानी होता है, जो हमारे शरीर को हाइड्रेशन देने का काम करता है. इतना ही नहीं खीरे को रेगुलर में अपनी डाइट में शामिल करने से कई बेहतरीन फायदे होते हैं और तो और अगर सिर्फ 90 सेकंड के लिए आप खीरे का टुकड़ा मुंह में रख लेंगे तो इससे भी आपको बेहतरीन फायदा हो सकता है. आइए हम आपको बताते हैं कि मुंह में खीर रखने के क्या फायदे हैं.

**सिर्फ 90 सेकंड रख लें मुंह में खीरा**

90त्न पानी से भरपूर खीरे में विटामिन सी, विटामिन के, पोटेशियम, मैंगनीज, मैग्नीशियम और कॉपर भरपूर मात्रा में पाया जाता है. इतना ही नहीं इसमें फाइटोकेमिकल्स भी होता है, जो हमारे मुंह के बैक्टीरिया को कम करने में मदद करता है. ऐसे में अगर आप सिर्फ एक खीरे की स्लाइस को 90 सेकंड के लिए अपने मुंह में रख लेते हैं, तो इससे मुंह की दुर्गंध और मुंह के बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद मिलती है.

**खीरे से होने वाले अन्य फायदे**

* जैसा कि हमने बताया कि खीरा एक सुपर फूड है, जो हमारी सेहत का खजाना होता है. इसमें एंटीऑक्सीडेंट पाए जाते हैं, जो हमारे मेटाबॉलिज्म को बेहतर बनाने में मदद करते हैं.

* इतना ही नहीं अगर आपको हाइड्रेशन की समस्या है, तो खीरे का डिटॉक्स वॉटर का सेवन आप रोज सुबह खाली पेट कर सकते हैं. इससे इम्यूनिटी भी बूस्ट होती है.

* खीरे में कैलोरी काफी कम होती है, ऐसे में अगर आप वेट लॉस करना चाहते हैं, तो खीरे को अपनी डाइट में जरूर शामिल करें.

* खीरा न सिर्फ हमारे मुंह की दुर्गंध को दूर करता है, बल्कि इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स हमारी स्किन के लिए भी रामबाण है.

* आंखों के नीचे काले घेरे से लेकर स्किन को मॉइश्चराइज करने का काम भी खीरा कर करता है, वहीं डायबिटीज के मरीजों के लिए खीरा बहुत फायदेमंद होता है.

* आप खीरे को कई तरीके से अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं, सलाद के रूप में इसे खा सकते हैं. खीरे का रायता बना सकते हैं या फिर खीरे का डिटॉक्स वॉटर या स्मूदी बनाकर इसका सेवन कर सकते हैं.

# भाजपा के लिए क्यों जरूरी हो गए नीतीश

**अजीत द्विवेदी**



बिहार में गठबंधन बदल का लगभग पूरी तरह से एकपक्षीय विश्लेषण किया जा रहा है। मीडिया में सिर्फ इस बात की चर्चा है कि नीतीश कुमार बेहद अविश्वनीय नेता हैं और उनका कोई वैचारिक आधार नहीं है। उनके बरक्स लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव की राजनीति को बेहतर और परिपक्व बताया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि नीतीश की राजनीति सिर्फ मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बने रहने के लिए होती है। यह व्याख्या पिछले कुछ बरसों के राजनीतिक घटनाक्रम पर आधारित है और एक हद तक सही है। लेकिन इस एकपक्षीय व्याख्या से पूरी तस्वीर साफ नहीं होती है।

बिहार में जितनी बार गठबंधन में बदलाव होता है और नई सरकार बनती है उतनी बार नीतीश कुमार के साथ एक दूसरी पार्टी भी शामिल होती है। अगर नीतीश वैचारिक और राजनीतिक रूप से बेईमान हैं तो उनके साथ सरकार बनाने वाली दूसरी पार्टियां कैसे ईमानदार और उनके मुकाबले बेहतर मानी जा सकती हैं? आज अगर राजद और कांग्रेस को छोड़ कर नीतीश ने भाजपा के साथ सरकार बनाई है तो इस पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण भाजपा की राजनीतिक मजबूरी के नजरिए से भी की जानी चाहिए। भाजपा को लग  रहा था कि अगर 2024 की उसकी संभावनाओं को कहीं से नुकसान हो सकता है तो वह बिहार है और नुकसान पहुंचा सकने की हैसियत वाले नेता नीतीश कुमार हैं। इसलिए उसने राजद और जदयू के बीच के विवाद को भांप कर नीतीश के साथ फिर तालमेल के लिए कदम बढ़ाया।

ध्यान रहे नीतीश कुमार की सत्ता को अभी तत्काल कोई चुनौती नहीं थी। यह सही है कि लालू प्रसाद और उनके कुनबे ने और साथ ही उनकी पार्टी ने कई तरह से नीतीश कुमार पर इस बात का दबाव बनाया था कि वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनवा दें लेकिन अगर नीतीश नहीं बनवाते तो इस बात की संभावना शून्य थी कि राजद समर्थन वापस लेकर उनकी सरकार गिरा देती। सो, नीतीश की सत्ता के सामने चुनौती नहीं थी। यह अंदाजा भी सबको था कि राजद, जदयू, कांग्रेस और वामपंथी पार्टियों का महागठबंधन एकजुट रहा और साथ मिल कर चुनाव लड़ा तो बिहार में भाजपा के लिए बड़ी चुनौती होगी। सी वोटर के चुनाव पूर्व सर्वेक्षण में बताया गया था कि राज्य की 40 में से आधी से ज्यादा लोकसभा सीटें महागठबंधन के खाते में जाएंगी। सोचें, पिछली बार जदयू के साथ होने से एनडीए को 39 सीटें मिली थीं। राजद को शून्य और कांग्रेस को एक सीट मिली थी। इस बार नीतीश के उधर जाने से चुनावी पलड़ा उनके पक्ष में झुक रहा था।

भाजपा के एक और आंतरिक सर्वेक्षण की खबरें सामने आ रही हैं, जिसके मुताबिक बिहार में अत्यंत पिछड़ी जातियों का समर्थन नीतीश कुमार के प्रति कायम है। इसके अलावा गैर यादव पिछड़ी जातियों का भी बड़ा हिस्सा नीतीश के साथ है। बिहार में हुई जाति गणना और उस आधार पर आरक्षण की सीमा बढ़ाने से पिछड़े और अति पिछड़े मतदाताओं में नीतीश की साख और बेहतर होने की खबर है तो लाखों की संख्या में शिक्षकों की बहाली का श्रेय भी नीतीश को मिल रहा है। तभी भाजपा लोकसभा चुनाव की संभावनाओं को लेकर चिंता में आई। दूसरे, नीतीश विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न के भीतर सबसे प्रमुख चेहरों में से एक थे और उन्होंने विपक्षी पार्टियों को एकजुट किया था। तभी भाजपा को लग रहा था कि अगर नीतीश फिर से उसके साथ आते हैं तो एक तीर से दो शिकार होगा। पहले तो विपक्षी गठबंधन ह्यइंडियाह्न का अभियान पंक्चर होगा और वह भी तब जब राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा बिहार पहुंचने वाली है और दूसरे, बिहार में भाजपा का रेनबो समीकरण बहुत मजबूत हो जाएगा। ध्यान रहे भाजपा के साथ चिराग पासवान और जीतन राम मांझी पहले से हैं। यानी दलित और महादलित दोनों के सबसे महत्वपूर्ण नेता भाजपा के साथ हैं।

दलित और महादलित के अलावा नीतीश के साथ आने से गैर यादव पिछड़ी जातियां मतलब कोईरी, कुर्मी और धानुक का आठ फीसदी वोट पूरी तरह से भाजपा के साथ आएगा और साथ ही अति पिछड़ी जातियां पूरी तरह से भाजपा गठबंधन के साथ एकजुट होंगी। नीतीश ने लालू प्रसाद के खिलाफ अपनी राजनीति लव–कुश समीकरण से शुरू की थी, जिसमें कुशवाहा नेता के तौर पर शकुनी चौधरी उनके साथ थे। अब शकुनी चौधरी के बेटे सम्राट चौधरी को भाजपा ने नीतीश की सरकार में उप मुख्यमंत्री बनवाया है। वे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। खुद नीतीश कुर्मी और धानुक पर पूरा असर रखते हैं। उनके साथ आने से पिछड़ी जाति के 27 फीसदी वोट में 14 फीसदी यादव छोड़ कर बाकी वोट एनडीए के साथ एकजुट हो सकता है। जाति गणना के मुताबिक बिहार में 36 फीसदी अति पिछड़ी जातियां हैं, जिनमें आठ फीसदी के करीब मुस्लिम हैं। भाजपा की वजह से उसे अलग भी कर दें तो बचे हुए 28 फीसदी वोट में एनडीए को चुनौती नहीं रह जाएगी। सीएसडीएस के सर्वेक्षण के मुताबिक 2014 में जब भाजपा अकेले लड़ी थी तब 52 फीसदी अति पिछड़ा वोट उसको मिला था और 2019 में जदयू के साथ लड़ी तो 75 फीसदी अति पिछड़ा वोट एनडीए को मिला। इस तरह नीतीश के साथ आने से गैर यादव पिछड़ा वोट का बड़ा हिस्सा और अति पिछड़ा वोट का लगभग समूचा हिस्सा एनडीए की ओर जा सकता है। भाजपा ने अगड़ी जाति के विजय सिन्हा को दूसरा उप मुख्यमंत्री बना कर अपने उस कोर वोट को भी स्पष्ट मैसेज दिया है।

अगर राजनीति का मकसद सत्ता हासिल करना है तो उस नजरिए से ही बिहार के घटनाक्रम की व्याख्या होनी चाहिए। यह सिर्फ नीतीश के सत्ता मोह की बात नहीं है, यह समान रूप से लालू प्रसाद के परिवार और नरेंद्र मोदी के भी सत्ता मोह की बात है। नीतीश पर निशाना साधने से पहले इस पहलू से भी देखने की जरुरत है। सोचें, नीतीश ने 1994 से लालू विरोध की राजनीति शुरू की और उनके व उनकी पत्नी के शासन को जंगल राज बता कर लड़ाई लड़ी। तभी दो दशक से ज्यादा की लड़ाई के बाद जब नीतीश ने 2015 में राजद से तालमेल किया तो क्या अवसरवादी सिर्फ नीतीश हुए? या लालू प्रसाद भी उतने ही अवसरवादी माने जाएंगे? फिर नीतीश ने 2017 में राजद को छोड़ दिया और भाजपा में चले गए तो लालू और उनके परिवार ने नीतीश को ह्यपलटूह्न की संज्ञा दी और उनके बारे अनान–शनाप बातें कहीं। लेकिन फिर अगस्त 2022 में नीतीश वापस राजद के साथ आए तो लालू का पूरा परिवार फिर उनके चरणों में था! यही कहानी दूसरी तरफ की भी है। नीतीश ने 2013 में भाजपा को छोड़ा, फिर 2017 में साथ लौटे, फिर 2022 में छोड़ा और अब 2024 में वापस लौटे हैं। हर बार साथ छोडने् पर भाजपा नेताओं ने उनकी आलोचना की और साथ आने पर महान बताया। तो इससे भाजपा का भी चरित्र सामने आता है। कह सकते हैं कि नीतीश ने राजद और भाजपा दोनों के चरित्र को एक नहीं कई बार उजागर किया है।

एक और अहम बात यह है कि बिहार में जो कुछ भी हो रहा है या नीतीश कुमार जो कुछ भी कर रहे हैं वह असल में भारतीय राजनीति का चरित्र है। भारत की राजनीति सिर्फ और सिर्फ सत्ता के लिए है। उसमें विचारधारा या नैतिकता का कोई मतलब नहीं होता है। नीतीश ज्यादा निशाने पर इसलिए हैं क्योंकि दिल्ली में प्रिंट और इलेक्ट्रोनिक मीडिया में बिहार के पत्रकारों की बहुतायत है और वे अपने राज्य की घटनाओं को देश की घटना बता कर बहुत ज्यादा प्रचारित करते हैं। अन्यथा जो बिहार में हुआ है वह पूरे देश की कहानी है। हाल में एचडी देवगौड़ा ने भाजपा से तालमेल किया है। सोचें, वे कितनी बार भाजपा और कांग्रेस से तालमेल कर चुके हैं? पांच साल पहले ही उनके बेटे एचडी कुमारस्वामी कांग्रेस की मदद से मुख्यमंत्री बने थे और भाजपा ने उनकी सरकार गिराई थी। लेकिन अब वे भाजपा के साथ हैं। इसी तरह उत्तर प्रदेश की कोई पार्टी नहीं बची है, जिसके साथ मायावती की बहुजन समाज पार्टी ने तालमेल नहीं किया है। डीएमके और अन्ना डीएमके दशकों से कांग्रेस और भाजपा से गठबंधन की अदला–बदली करते रहे हैं। इसलिए बिहार को इनसे अलग करके देखने की जरुरत नहीं है।

**बिहार में जितनी बार गठबंधन में बदलाव होता है और नई सरकार बनती है उतनी बार नीतीश कुमार के साथ एक दूसरी पार्टी भी शामिल होती है। अगर नीतीश वैचारिक और राजनीतिक रूप से बेईमान हैं तो उनके साथ सरकार बनाने वाली दूसरी पार्टियां कैसे ईमानदार और उनके मुकाबले बेहतर मानी जा सकती हैं? आज अगर राजद और कांग्रेस को छोड़ कर नीतीश ने भाजपा के साथ सरकार बनाई है तो इस पूरे घटनाक्रम का विश्लेषण भाजपा की राजनीतिक मजबूरी के नजरिए से भी की जानी चाहिए। भाजपा को लग  रहा था कि अगर 2024 की उसकी संभावनाओं को कहीं से नुकसान हो सकता है तो वह बिहार है और नुकसान पहुंचा सकने की हैसियत वाले नेता नीतीश कुमार हैं। इसलिए उसने राजद और जदयू के बीच के विवाद को भांप कर नीतीश के साथ फिर तालमेल के लिए कदम बढ़ाया। ध्यान रहे नीतीश कुमार की सत्ता को अभी तत्काल कोई चुनौती नहीं थी। यह सही है कि लालू प्रसाद और उनके कुनबे ने और साथ ही उनकी पार्टी ने कई तरह से नीतीश कुमार पर इस बात का दबाव बनाया था कि वे तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनवा दें लेकिन अगर नीतीश नहीं बनवाते तो इस बात की संभावना शून्य थी कि राजद समर्थन वापस लेकर उनकी सरकार गिरा देती।**

# भाजपा मंत्री शिलांग से लोकसभा चुनाव लडने के इच्छुक



शिलांग ,मेघालय में कॉनराड संगमा के नेतृत्व वाली सरकार में कैबिनेट मंत्री और भाजपा नेता अलेक्जेंडर लालू हेक ने कहा कि अगर पार्टी जोर देती है, तो वह शिलांग संसदीय सीट से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं। मेघालय में बीजेपी संगमा की नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के साथ गठबंधन सरकार में है। हालांकि एनपीपी ने पहले ही शिलांग लोकसभा सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। राज्य के शिक्षा मंत्री अम्पारीन लिंगदोह एनपीपी के टिकट पर वहां से चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, हेक ने सोमवार शाम संवाददाताओं से कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि मैं शिलांग संसदीय सीट से एकमात्र उम्मीदवार हूं, लेकिन अगर पार्टी लड़ने पर जोर देती है, तो मैं इस बार इनकार नहीं करूंगा। उन्होंने कहा कि शिलांग संसदीय सीट से कई उम्मीदवार भाजपा का टिकट पाने के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। वकील फेनेला लिंगदोह नोंग्लिट और पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अर्नेस्ट मावरी ने लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकट की मांग की। हेक ने जोर देकर कहा कि केंद्रीय नेतृत्व इस मामले पर अंतिम निर्णय करेगा।

हालांकि, भाजपा मंत्री ने कहा कि उन्हें तुरा निर्वाचन क्षेत्र से टिकट का अनुरोध करने वाले लोगों के बारे में कुछ भी पता नहीं है। इस बीच, हेक ने उन खबरों को सिरे से खारिज कर दिया कि पार्टी सदस्यों के बीच कलह है। उन्होंने कहा, मैंने पार्टी में किसी असंतोष के बारे में नहीं सुना है। पार्टी में हर कोई नए प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में लोगों और राज्य के कल्याण के लिए काम कर रहा है।

# बिहार में अब विज्ञापन के जरिए राजद, जदयू में क्रेडिट वार

पटना ,बिहार में नीतीश कुमार एक बार फिर से 'पलटी मारने' के बाद 17 महीने की महागठबंधन सरकार चली गई, वहीं फिर से एनडीए सरकार बन गई। लेकिन अब किए गए कार्यों और उपलब्धियों की क्रेडिट लेने की जदयू और राजद में होड़ मच गई है।

इसको लेकर स्थानीय समाचार पत्रों में बड़े बड़े विज्ञापन प्रकाशित करवाए जा रहे हैं।पटना से प्रकाशित लगभग सभी समाचार पत्रों में मंगलवार को पूर्व मंत्री अशोक चौधरी और समस्त प्रदेशवासी के नाम से विज्ञापन प्रकाशित करवाया गया है जिसमें नीतीश कुमार को लेकर 'मेरा नेता मेरा अभिमान' बताते हुए उनके सतत प्रयासों के लिए उनका आभार जताया गया है। इस एक पेज के विज्ञापन में वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख नौकरी देने, हर गांव, कस्बों तक सड़क, पक्की नाली और गली, गेहूं, चावल के उत्पादन में रिकार्ड वृद्धि सहित 16 विशेष उपलब्धियों का जिक्रकिया गया है। इससे दो दिन पहले राजद द्वारा स्थानीय समाचार पत्रों में पूरे एक पेज का विज्ञापन प्रकाशित करवाया गया था, जिसमे पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव की बड़ी तस्वीर के साथ लिखा गया था, 'धन्यवाद तेजस्वी, आपने कहा, आपने किया और आप ही करेंगे' के साथ महागठबंधन सरकार की उपलब्धियों का जिक्रकिया गया था।

### चलती बस में ड्राइवर को आ गया हार्ट अटैक, यात्रियों में मची अफरा-तफरी..

कोलकाता , पश्चिम बंगाल में चलती बस में ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। इसे चमत्कार ही कहा जाएगा कि इस हालत में भी ड्राइवर ने ब्रेक मार दी और बस में सवार कम से कम 65 लोगों की जान बाल-बाल बच गई। यह बस बालासोर जिले के नीलगिरि इलाके में स्थित पंचिलिंगेश्वर को जा रही थी। बस में सभी श्रद्धालु सवार थे।

जानकारी के मुताबिक सभी यात्री कोलकाता के थे। बालासोर में ही ड्राइवर एसके अख्तर को हार्ट अटैक आ गया। ड्राइवर के सीने में तेज दर्द होने लगा तो उसने बस को सडक के किनारे लगा दिया। इसके तुरंत बाद वह बेहोश हो गया। यात्रियों ने ही ड्राइवर को नीलागिरि अस्पताल पहुंचाया है। हालांकि डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

वहीं के एक ग्रामीण ने बताया कि जब बस अचानक रुकी तो उसे लगा कि ड्राइवर टॉयलेट जाना चाहता है। लेकिन जब पास जाकर देखा तो ड्राइवर बेहोश हो चुका था और अपनी सीट पर ही बेसुध पड़ा था। तुरंत ऐंबुलेंस बुलाई गई और उसे अस्पताल ले जाया गया। हालांकि ड्राइवर पहले ही दम तोड़ चुका था। बताया गया कि बस हावड़ा की थी।

बीते सप्ताह हरियाणा से भी इसी तरह की घटना सामने आई थी। यहां चलती बस में ड्राइवर को हार्ट अटैक आ गया। बस अनियंत्रित हुई तो परिचालक सावधान हो गया और उसने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए तुरंत स्टेयरिंग थाम ली। इसके बाद बस को किनारे लगाकर ड्राइवर को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया। बताया गया कि ड्राइवर की भी जान बच गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अब राजस्थान के स्कूलों में हिजाब पर बवाल

जयपुर ,कर्नाटक के बाद अब राजस्थान में हिजाब को लेकर विवाद शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार राजस्थान सरकार शैक्षणिक संस्थानों में हिजाब पर बैन लगाने की तैयारी कर रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि भजनलाल सरकार हिजाब पर प्रतिबंध लगा सकती है।दरअसल, प्रदेश के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा विभाग को आदेश दिया है कि दूसरे राज्यों में हिजाब बैन के स्टेटस की रिपोर्ट तैयार की जाए। साथ ही राजस्थान में इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, इसकी भी रिपोर्ट तैयार की जाए. सूत्रों के मुताबिक शिक्षा विभाग उच्च स्तर पर हिजाब बैन मामले में रिपोर्ट तैयार करेगा और उसे शिक्षा मंत्री मदन दिलावर को भेजेगा।वहीं, कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने भी हिजाब पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। उनका कहना है कि ऐसे कई मुस्लिम देश हैं जहां हिजाब पर प्रतिबंध है, ऐसे में भारत में हिजाब पहनना क्यों जरूरी है। यहां भी दूसरे देशों की तरह बुर्का और हिजाब पर प्रतिबंध होना चाहिए।

### ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया यात्री, प्लेटफॉर्म खोदकर बचाई गई जान

हैदराबाद ,एक यात्री उस समय बाल-बाल बच गया, जब वह चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान फिसलकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गया। यह घटना सोमवार रात तेलंगाना के विकाराबाद रेलवे स्टेशन पर हुई।

सतर्क यात्रियों, आरपीएफ और रेलवे अधिकारियों द्वारा ट्रेन को रोकने और बचाव के उपाय करने से पहले एक्सप्रेस ट्रेन उस व्यक्ति को कुछ दूरी तक घसीटती हुई ले गई। बचावकर्मियों ने पीड़ित को ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच से निकालने के लिए प्लेटफॉर्म को खोद दिया। यात्री को करीब 90 मिनट तक कष्ट सहना पड़ा।

### इंडिया गठबंधन ब्रेन डेड हो गया है : प्रल्हाद जोशी

नई दिल्ली ,नीतीश कुमार के विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन से अलग होने के बाद सवाल उठाते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा है कि इंडिया गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' गठबंधन हो गया है। संसद भवन परिसर में बजट सत्र के दौरान दोनों सदनों की कार्यवाही को सुचारू ढंग से चलाने के लिए बुलाई गई सर्वदलीय बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी ने कहा कि इंडिया गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' गठबंधन हो गया है। उन्होंने कहा कि हमने पहले ही बोला था कि यह एक अस्वाभाविक गठबंधन है और जो अस्वाभाविक होता है, जल्दी ही उसकी मृत्यु हो जाती है और इसलिए यह गठबंधन अब 'ब्रेन डेड' हो गया है।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद के संबंध में दिशा-निर्देश जारी

उदयपुर ,भारतीय खाद्य निगम मण्डल ने राजस्थान के उदयपुर, डुंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़ एवं राजसमंद जिलों में रबी विपणन वर्ष 2024-25 के तहत समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीद अधिक से अधिक मात्रा में करने का लक्ष्य निर्धारित किया है जिससे सभी किसानों को अपनी फसल का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिल सके।

मण्डल प्रबंधक रवीन्द्र जादम ने बताया कि भारतीय खाद्य निगम इन जिलों में कुल 32 खरीद केन्द्र खोलेगा। इन खरीद केन्द्रों पर हर वर्ष की तरह रबी विपणन वर्ष 2024-25 के तहत गेहूं की खरीद का कार्य भारतीय खाद्य निगम डिपो ऑनलाइन सिस्टम के ई-प्रोक्योरमेंट मॉड्यूल के माध्यम से किया जाएगा। गत 20 जनवरी से किसानों का पंजीकरण शुरू हो चुका है,



इसके लिए किसानों को अपना पंजीकरण निर्धारित पोर्टल पर ई-मित्र, अटल सेवा केंद्र एवं अन्य माध्यम से करवाना होगा तथा सरकारी खरीद केंद्रो पर समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद 10 मार्च से शुरू होगी।उन्होंने बताया कि इस वर्ष गेहूं की खरीद के लिए केंद्र सरकार की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य 2275 रुपये प्रति क्विंटल के अतिरिक्त राजस्थान सरकार ने 125 रुपये प्रति क्विंटल बोनस निर्धारित किया है जिसे मिलाकर न्यूनतम समर्थन मूल्य 2400 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है।

### चिल्लई कलां' समाप्त होने के साथ ही जम्मू-कश्मीर में न्यूनतम तापमान में सुधार

श्रीनगर , जम्मू-कश्मीर में कठोर सर्दी की 40 दिनों की लंबी अवधि जिसे 'चिल्लई कलां' कहा जाता है, मंगलवार को समाप्त हो रही है। केंद्र शासित प्रदेश के ऊंचे इलाकों में हल्की बर्फबारी का एक और दौर देखने को मिला।

पिछले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में सुधार हुआ है। श्रीनगर में 0.8 डिग्री जबकि गुलमर्ग और पहलगाम में क्रमशः शून्य से 6 डिग्री नीचे और शून्य से 3.3 डिग्री नीचे तापमान दर्ज किया गया।


लद्दाख क्षेत्र के लेह शहर में न्यूनतम तापमान माइनस 2.6 और कारगिल में माइनस 7.6 दर्ज किया गया।जम्मू शहर में न्यूनतम तापमान 8.5, कटरा में 7.1, बटोट में 3.3, भद्रवाह में 1 और बनिहाल में 1.2 डिग्री दर्ज किया गया।

# चेन्नई में फुटपाथ पर रहने वाली बुजुर्ग महिला की हत्या, किशोर गिरफ्तार

चेन्नई , ग्रेटर चेन्नई पुलिस ने एन्नोर में फुटपाथ पर रहने वाली एक बूढ़ी महिला की हत्या के आरोप में एक किशोर को गिरफ्तार किया। तीस साल से फुटपाथ पर रह रही महिला 25 जनवरी को मृत पाई गई और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचित किया। आसपास के निवासियों और दुकानदारों ने बताया कि महिला की उम्र लगभग अस्सी वर्ष होगी।

पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। इसमें पता चला कि उसके सिर के पीछे चोट थी, जिससे उसकी मौत हो गई। सीसीटीवी फुटेज की जांच करने पर पता चला कि एक युवक उसे फुटपाथ से ले जाता हुआ दिखाई दे रहा है।

स्थानीय लोगों की मदद से युवक की



पहचान एरानवूर के रहने वाले सीमान (18) के रूप में हुई, जो अपनी दादी के साथ रह रहा था।

पूछताछ के दौरान उसने पुलिस को बताया कि वह अपनी दादी से झगड़े के बाद पिछले एक सप्ताह से अपने दोस्तों के साथ रह रहा था और घर छोड़ दिया था।

उसने पुलिस को बताया कि वह उस रात नशे में था और सड़क पर चलते समय उसे फुटपाथ पर सोती हुई बूढ़ी औरत मिली। उसने उसका मुंह बंद कर दिया और उसे फुटपाथ से ले गया, लेकिन महिला मदद के लिए चिल्ला रही थी। पुलिस ने कहा कि उसने महिला को चुप कराने के लिए उसकी पिटाई की और इस दौरान उसकी मौत हो गई। एन्नोर पुलिस यह समझने के लिए महिला के शरीर पर फोरेंसिक अध्ययन करेगी कि क्या उसका यौन उत्पीड़न हुआ था। आरोपी को मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया, जिसने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# एटीएम से 100 के बजाय निकलने लगे 500-500 के नोट, देखते ही देखते निकाल गए लाखों रुपए

बरेली ,बरेली में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एसबीआई के एटीएम में तकनीकी खराबी के चलते 100 के बजाय 500 के नोट निकलने लगे। इसकी सूचना जैसे ही ग्राहकों को मिली तो एसबीआई के एटीएम से पैसे निकालने वाले लोगों की लंबी लाइनें लग गई। एक दिन में 218 लोगों ने 3.88 लाख रुपए अतिरिक्त निकाल लिए। इस बारे में जानकारी मिलते ही बैंक प्रबंधकों में हड़कंप मच गया।

बैंक अधिकारी और कैश लोड करने वाली कंपनी पांच दिन तक रुपयों वापसी की जुगत करती रही, लेकिन सफलता नहीं



मिलने पर सुभाषनगर थाने में शिकायत दी गई। मिली जानकारी के अनुसार 24 जनवरी को सुभाषनगर की एटीएम में 10 लाख रुपये भरे गए। दोपहर तीन बजे मशीन में खामी आने से 100 के बजाय 500 के नोट निकलने लगे। यानी किसी ने 800 रुपये निकालने चाहे तो उसे 100-100 के आठ नोट के स्थान पर 500-500 के आठ नोट मशीन से मिले। इसके बदले खाते से सिर्फ 800 रुपये ही कटे थे। ऐसा होता देखकर कई लोग मशीन की ओर दौड़ पड़े।

शाम को एक ग्राहक ने ईमानदारी दिखाई। उनकी सूचना पर कंपनी के प्रबंधक ने टीम भेजी और कैश निकासी पर रोक लगा दी। कंपनी के प्रबंधक धर्मपाल सिंह ने बताया कि प्रति ग्राहक औसतन दो हजार रुपये अतिरिक्त पहुंचे थे।

### शिक्षक ने दो सहकर्मी शिक्षकों को मौत के घाट उतारा

गोड्डा ,झारखंड के गोड्डा में एक सरकारी हाई स्कूल की लाइब्रेरी में एक शिक्षक ने मंगलवार को अंधाधुंध फायरिंग की। इस घटना में एक शिक्षक और शिक्षिका की मौत हो गई। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। उसे गंभीर रूप से जख्मी हालत में हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। बताया जा रहा है कि वारदात लव ट्राएंगल में अंजाम दी गई है। वारदात पोड़ैयाहाट थाना क्षेत्र के चतरा गांव स्थित सरकारी स्कूल की है। बताया गया कि रवि रंजन नामक शिक्षक ने लाइब्रेरी में पहुंचकर पहले दरवाजा बंद कर लिया और वहां मौजूद सहकर्मी शिक्षिका सुजाता देवी और आदेश सिंह को गोली मार दी। इसके बाद उसने खुद की कनपट्टी पर भी गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर स्कूल के अन्य शिक्षकों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोड़ा तो सुजाता देवी और आदर्श सिंह मृत पाए गए,

# इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट से पहले भारत को झटका, केएल राहुल और रविंदर जडेजा बाहर



नई दिल्ली , बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा और मध्यक्रम के बल्लेबाज केएल राहुल 2 फरवरी से विशाखापत्तनम में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले भारत के दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं।भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा कि हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन भारत के 231 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बल्लेबाजी के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग चोट लगी। वहीं, केएल राहुल को भी इस मैच के दौरान ही चोट लगी और अब यह दोनों खिलाड़ी अगला मैच नहीं खेल पाएंगे। बयान में आगे बताया गया है कि पुरुष चयन समिति ने विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए दाएं हाथ के बल्लेबाज सरफराज खान, बाएं हाथ के स्पिनर सौरभ कुमार और ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर को भारत की टेस्ट टीम में शामिल किया है। जडेजा और राहुल की चोटें भारतीय टीम के लिए एक बड़ा झटका है। खासकर हैदराबाद टेस्ट 28 रन से हारने और इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला में 0–1 से पिछड़ने के बाद। मेजबान टीम को पहले से ही विराट कोहली की कमी खल रही है, जो व्यक्तिगत कारणों से पहले दो टेस्ट से बाहर हैं। साथ ही वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी टखने की चोट से जूझ रहे हैं। वाशिंगटन ने भारत के लिए चार टेस्ट खेले हैं, जिसमें उनके नाम छह विकेट हैं। साथ ही उन्होंने तीन अर्द्धशतक लगाए हैं। मार्च 2021 में अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ प्रारूप में अपनी आखिरी उपस्थिति के बाद उन्हें टेस्ट सेट–अप में वापस बुला लिया गया है सौरभ मार्च 2022 में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए भारत की टेस्ट टीम के सदस्य थे और उन्हें साल के अंत में बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला के लिए जडेजा के प्रतिस्थापन के रूप में बुलाया गया था।इस बीच सरफराज को भारतीय टेस्ट टीम में अपना पहला, लेकिन लंबे समय से प्रतीक्षित बुलावा मिल गया है। मुंबई के लिए घरेलू क्रिकेट के पिछले तीन सीजन् में शानदार रन बनाने वाले सरफराज ने हाल ही में शानदार 161 रन बनाए, जिससे भारत ए ने अहमदाबाद में दूसरे चार दिवसीय मैच में इंग्लैंड लायंस को एक पारी और 16 रन से हरा दिया। इंग्लैंड के खिलाफ भारत का अगला टेस्ट मैच 2 फरवरी को विशाखापत्तनम में खेला जाएगा।

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत की टीम : रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, श्रेयस अय्यर, केएस भरत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उप–कप्तान), आवेश खान, रजत पाटीदार, सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर, सौरभ कुमार।

# आईसीसी ने जसप्रीत बुमराह को जमकर लगाई फटकार



हैदराबाद ,भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के पहले मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए आधिकारिक फटकार लगाई गई है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कहा कि जसप्रीत बुमराह को हैदराबाद टेस्ट में आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.12 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो किसी खिलाड़ी, अंपायर, मैच रेफरी या किसी के साथ अनुचित शारीरिक संपर्क से संबंधित है।

आईसीसी ने बुमराह को फटकार लगाई है, उनके ऊपर जुर्माना नहीं लगाया गया। यह 24 महीनों में उनका पहला अपराध था। हालांकि, आईसीसी ने कार्रवाई करते हुए उनके रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया है। यह वाकया इंग्लैंड की दूसरी पारी के 81वें ओवर में हुआ। बुमराह ने जानबूझकर ओली पोप के रास्ते में कदम रखा था। पोप एक रन लेने के लिए दौड़े थे। बुमराह की हरकत से अनुचित शारीरिक संपर्क हुआ। हालांकि, कप्तान रोहित शर्मा ने मामला संभाला और दोनों खिलाड़ियों को शांत किया।

टेस्ट सीरीज़ के शुरुआती मैच में इंग्लैंड से 28 रन की हार मौजूदा 2023–2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में टीम की दूसरी हार है, जिसका मतलब है कि भारत मौजूदा रैंकिंग में तीन स्थान गिरकर पांचवें स्थान पर आ गया है। दो बार के डब्ल्यूटीसी उपविजेता भारत का अंक प्रतिशत अब 54.16 से घटकर 43.33 हो गया है। इसके अलावा वे अब डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में दक्षिण अफ्रीका, न्यूजीलैंड और बांग्लादेश से पीछे हैं।

## लबर्न स्टार्स के साथ 2026–27 तक जुड़े रहेंगे मार्कस स्टोइनिस

केप टाउन ,ऑस्ट्रेलिया के स्टार ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ने बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न स्टार्स के साथ अपना अनुबंध तीन साल तक बढ़ा दिया है। यानी वो अब 2026–27 तक स्टार्स से जुड़े रहेंगे। मार्कस स्टोइनि का मेलबर्न स्टार्स के साथ बने रहने का निर्णय सस्पेंस में था। कई क्लबों ने इस खिलाड़ी को अपने साथ जोड़ने में रुचि व्यक्त की थी।

पर्थ स्कॉर्चर्स स्टोइनिस की प्रारंभिक बीबीएल टीम थी जहां उन्होंने 2012–13 सीजन् में तीन मैच खेले थे। उन्हें फिर से अपने साथ शामिल करना चाहती थी। हालांकि, स्टोइनिस ने स्टार्स के साथ अपनी यात्रा जारी रखने का फैसला किया।

स्टार्स के प्रति उनकी प्रतिबद्धता किसी से छिपी नहीं है। स्टोइनिस एक बड़े रिकॉर्ड के करीब हैं जिसे केवल कुछ चुनिंदा लोग ही हासिल कर पाते हैं।

वो मेलबर्न स्टार्स के लिए 100 मैच खेलने के करीब हैं। स्टार्स के पूर्व कप्तान ग्लेन मैक्सवेल ने पिछले सीजन में यह उपलब्धि हासिल की थी। मैक्सवेल के नेतृत्व की भूमिका से हटने के साथ स्टोइनिस टीम की कप्तानी के लिए संभावित उम्मीदवार के रूप में उभरे हैं। वर्तमान में, वह दक्षिण अफ्रीकी टी20 लीग में डरबन के सुपर जायंट्स का हिस्सा हैं। जो उनकी आईपीएल फ्रेंचाइजी, लखनऊ सुपर जायंट्स की सहयोगी है।

# अंडर19 पुरुष विश्व कप : कुलकर्णी, मुशीर की बल्लेबाजी, तिवारी की 4—20 की मदद से भारत ने अमेरिका को 201 रनों से हराया

ब्लोमफोंटेन , मुख्य बल्लेबाजों अर्शिन कुलकर्णी और मुशीर खान की शानदार पारियों की बदौलत पूर्व चैंपियन भारत ने आईसीसी अंडर19 पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2024 के अपने अंतिम ग्रुप गेम में अमेरिका को 201 रनों से हरा दिया।

कुलकर्णी (108) के शतक और मुशीर (73) की एक और बेहतरीन पारी ने भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका के खिलाफ एक बड़ा स्कोर बनाने में मदद की। इससे पहले नमन तिवारी (4–20) ने अपने गेंदबाजी से चार विकेट लेकर 201 रन से जीत में बड़ा योगदान दिया।

ब्लोमफोंटेन में एक और प्रभावशाली बल्लेबाजी प्रदर्शन के दम पर भारत ने यू19 पुरुष सीडब्ल्यूसी में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा।

सलामी बल्लेबाज अर्शिन कुलकर्णी, जो पहले कुछ मैचों में चूक गए थे, ने यूएसए के टॉस जीतने और भारत को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित करने के बाद शानदार शतक बनाया।

यूएसए ने पावरप्ले के तुरंत बाद आदर्श सिंह का विकेट लिया, लेकिन कुलकर्णी और पिछले गेम के शतकवीर मुशीर खान के बीच स्टैंड को तोड़ने के लिए संघर्ष करना पड़ा।

मुशीर और कुलकर्णी तेजी से आगे बढ़े



और भारत ने संयुक्त राज्य अमेरिका को दबाव में लाने के लिए शतकीय पारी खेली। दोनों ने 155 रन की साझेदारी में आसानी से बाउंड्री लगाई जो 36वें ओवर में टूटी, जब ऋषि रमेश ने मुशीर को 73 रन पर आउट कर दिया।

कुलकर्णी ने 41वें ओवर में अपना शतक पूरा किया और इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने 110 गेंदें खेलीं। इस बीच, दूसरे छोर पर उदय सहारन ने स्कोरिंग दर को बढ़ाया और आर्य गर्ग की धीमी गेंद को प्वाइंट पर मारने से पहले 27 गेंदों में 35 रन बनाए।

कुलकर्णी अगले ओवर में आउट हो गए, लेकिन अगले कुछ ओवरों में कुछ बड़े हिट के साथ भारत ने 50 ओवरों में 326/5 के मजबूत स्कोर के साथ खेल खत्म किया।

गेंदबाजों ने दो त्वरित विकेट लेकर भारत के बल्लेबाजी प्रयास का जवाब दिया। प्रणव चेट्टीपलायम को पहले ओवर में राज लिम्बानी ने दो रन पर बोल्ड कर दिया और अगले ओवर में नमन तिवारी ने भव्य मेहता को क्लीन बोल्ड कर दिया, जिससे यूएसए का स्कोर 2 विकेट पर 2 रन हो गया।

तिवारी ने कप्तान रमेश को आठ रन पर आउट कर दिया और यूएसए के सामने एक बड़ा लक्ष्य 12/3 पर सिमट गया। उत्कर्ष श्रीवास्तव और अमोघ अरेपल्ली ने कुछ संघर्ष दिखाया, लेकिन भारत ने विकेट लेना जारी रखा। तिवारी ने श्रीवास्तव और मानव नायक को लगातार दो ओवरों में आउट करके चार विकेट लिए, जबकि सौम्य पांडे ने अपनी तरफ से चीजों को अविश्वसनीय रूप से मजबूत बनाए रखा। बाएं हाथ के स्पिनर ने खेल के अंत में एक विकेट हासिल किया, लेकिन उनके स्पेल की खास बात यह थी कि उन्होंने 10 ओवर में सिर्फ 13 रन दिए। संयुक्त राज्य अमेरिका 125 पर समाप्त हुआ और भारत ने 200 से अधिक रनों के अंतर से लगातार जीत दर्ज की और उच्च स्तर पर सुपर सिक्स में पहुंच गया। भारत अब सुपर सिक्स चरण में क्रमशः 30 जनवरी और 2 फरवरी को इसी स्थान, ब्लोमफोंटेन के मैंगांग ओवल में न्यूजीलैंड और नेपाल से खेलेगा।

संक्षिप्त स्कोर :

भारत ने 50 ओवर में 326/5 (अर्शिन कुलकर्णी 108, मुशीर खान 73, उदय शरण 35, अतेंद्र सुब्रमण्यम 2–45) ने यूएसए को 50 ओवर में 125/8 (उत्कर्ष श्रीवास्तव 40; नमन तिवारी 4–20) 201 रन से हराया।

# रोहित शर्मा बोले– कोहली सबसे फिट क्रिकेटर हैं, उन्हें एनसीए में कभी नही देखा

हैदराबाद , भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने रविवार को अपने पूर्ववर्ती विराट कोहली की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान अपनी फिटनेस को लेकर इतने सजग हैं कि वह कभी भी राष्ट्रीय क्रिकेट संघ (एनसीए) में विशेषज्ञों की सेवा लेने नहीं गए।

रोहित शर्मा ने यहां राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में इंग्लैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान इस तथ्य को स्वीकार किया कि कोहली इस समय विश्व क्रिकेट के सबसे फिट खिलाड़ियों में से एक हैं। कोहली के व्यक्तिगत कारणों का हवाला देकर पहले दो टेस्ट मैचों से हटने के कारण भारत को पहली पारी में 190 रन की बढ़त लेने के बावजूद इंग्लैंड से 28 रन से हार का सामना करना पड़ा।

इंग्लैंड के खिलाफ भारत की टेस्ट श्रृंखला के दौरान अनुभवी क्रिकेटर दिनेश कार्तिक के साथ बातचीत में भारतीय कप्तान ने कहा कि वह चाहते हैं कि युवा कोहली



से प्रेरणा लें।रोहित ने कार्तिक को जियो सिनेमा पर बताया, विराट कोहली अपने पूरे करियर में कभी भी एनसीए नहीं गए हैं। मैं कहूंगा कि सभी युवा खिलाड़ियों को उनका जुनून देखना चाहिए। वह कवर ड्राइव, फ्लिक, कट कैसे खेलते हैं, इसकी बात छोड़ दें, बल्कि सबसे पहले यह समझें कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता क्या है जो उन्हें आज इस मुकाम पर पहुंचाती है।

कोहली पहले टेस्ट से पहले हैदराबाद में भारतीय टीम में शामिल हुए थे, लेकिन रोहित और टीम प्रबंधन के साथ इस मुद्दे पर चर्चा के बाद पहले दो टेस्ट से हटने से पहले उन्होंने सोमवार को वैकल्पिक प्रशिक्षण सत्र में भाग नहीं लिया।रोहित ने कहा, मैंने कोहली को काफी देखा है। उन्होंने जो हासिल किया है, उससे वह आसानी से संतुष्ट हो सकते हैं। वह कह सकते हैं कि मैं इन 2–3 सीरीज में आराम करूंगा, मैं बाद में आऊंगा, लेकिन वह हमेशा टीम के लिए मौजूद हैं। भूखे रहने और संतुष्ट न रहने की मानसिकता को सिखाया नहीं जा सकता। यह आपको दूसरों को देखकर सीखना होगा। इसे भीतर से आना होगा। मैं तुम्हें यह नहीं सिखा सकता।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com